RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 172 | नागौर, 23 मई, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## रूसी सैनिकों ने बच्चियों से किया रेप, एक की मौत

### यूक्रेनी मां के सामने मासूम से दुष्कर्म 10 घंटे में 8 बच्चों से हैवानियत का आरोप

नई दिल्ली.



यूक्रेन रूसी सैनिकों पर पूर्वी शहर खार्किव के आसपास के कस्बों और गांवों पर कब्जे के दौरान बच्चों के साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। इनमें रूसी सैनिकों द्वारा एक साल की बच्ची के साथ बलात्कार और उसकी मौत का आरोप भी शामिल है। इन आरोपों को यूक्रेनी पत्रकार इरीना मतवियिशिन ने लोगों के सामने लाया।

**रेप के बाद 1 साल के बच्ची की मौत**

यूक्रेनी पत्रकार ने अपने रिपोर्ट में बताया कि सैनिकों ने बच्चों की मां के सामने तीन नौ साल के ट्रिपलेट और दो दस साल की बच्ची का रेप किया। यह रिपोर्ट यूक्रेनी संसद के मानवाधिकार आयुक्त ल्यूडमिला डेनिसोवा की ओर से भी शेयर किया गया था। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के ट्विटर पेज से शेयर किया किए गए ट्वीट में बताया गया कि खार्किव क्षेत्र के गांवों में 10 घंटे में 8 बच्चों सहित और दो महिलाओं के रेप की बात कही गयी थी। जिसमें ज्यादा घायल होने के कारण दो 10 साल के लड़के और एक 1 साल का बच्चे की मौत हो गयी।

**हर दिन मनोवैज्ञानिक सहायता के लिए आते हैं फोन**

रिपोर्ट में रूसी सैनिकों पर 67 और 78 साल की उम्र के दो पुरुषों के साथ बलात्कार करने का भी आरोप लगाया गया है। मंत्रालय के ट्वीट में यह भी कहा गया कि आयुक्त की मनोवैज्ञानिक सहायता लाइन को अब हर दिन ऐसे युद्ध अपराधों के बारे में फोन आते हैं।

**थियेटर में करीब 300 लोगों ने लिए शरण**

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जारी अपनी नियमित वीडियो में कहा है कि, यूक्रेन में रूस ने तबाही मचा दी और डोनबास को भी पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। इसके साथ ही यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा है कि, हमले में जो भी यूक्रेन में नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई रूस को करनी चाहिए। ममारियुपोल के मेयर के एक सलाहकार ने दावा किया है कि, रूस ने मारियुपोल के उस थियेटर से सभी लोगों की लाशों को बाहर निकाल दिया है, जहां मार्च महीने में रूस ने विनाशकारी बम गिराया था। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म थियेटर में करीब 300 लोग शरण लिए थे और रूसी बम गिरने से सभी 300 लोगों की मौत हो गई थी।

## सिर में लोहे की रोड से वार कर लूटे 5 लाख

### रैकी कर बदमाशों ने की लूट की वारदात, पुलिस ने खंगालने शुरू किए सीसीटीवी फुटेज

जयपुर.

जवाहर नगर थाना इलाके में बाइक पर आए तीन बदमाशों ने एक्टिवा सवार से मारपीट कर 5लाख रुपए लूट लिए। घटना 20 मई को शाम 6बजे की है। घटना के बाद बदमाश बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित हरीश बठिजा की रिपोर्ट पर पुलिस ने कल मामला दर्ज किया। हरीश ने बताया कि वह ऑफिस का काम पूरा कर के स्कूटी की डिग्गी में पैसा रख के घर लौट रहा था। जवाहर नगर पीएनबी बैंक के पास जैसे ही वह पहुंचा।

इसी दौरान बाइक पर तीन युवक आए और उसकी एक्टिवा के आगे बाइक लगाकर रुकने का इशारा किया। इस पर हेलमेट उतारकर पीड़ित ने कारण पूछा, तो बाइक पर उतरते ही तीनों युवकों ने भारी वस्तु से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहुलुहान होकर गिर पड़ा। बदमाशों ने मुंह पर गमछा लगा रखा था। इसके बाद बदमाशों ने डिग्गी का लॉक खोलकर उसमें रखा काले रंग का बैग ले लिया और वहां से फरार हो गए। बैग में पांच लाख रुपए से ज्यादा रखे हुए थे। पुलिस ने बताया कि जिस तरह से बदमाशों ने तय समय में वारदात का अंजाम दिया उससे जाहिर हो रहा है कि बदमाशों ने पहले हरीश क रैकी की हो। बदमाशों को जब पता चला कि हरीश के पास आज अच्छी रकम है इस पर हरीश को लूटने का प्लान बनाया गया होगा। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्राईम सीन और उसके आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

## राजस्थान के चार जिलों में ओले गिरने का अलर्ट

### 12 जिलों में तेज आंधी और बारिश की भी चेतावनी

जयपुर.

राजस्थान में मौसम लगातार बदल रहा है। भीषण गर्मी के बाद प्रदेश में एक्टिव हुए नए वेदर सिस्टम (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) की वजह से आंधी के साथ बारिश हो रही है। नया वेदर सिस्टम प्रदेश में अगले 48 घंटे तक एक्टिव रहेगा। इससे जयपुर समेत राजस्थान के 16 जिलों में आंधी के साथ बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटे में 4 जिलों में ओले गिरने की भी चेतावनी है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान से एक्टिव हुए नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर राजस्थान में शुरू हो गया है। इससे जयपुर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर और अजमेर संभाग में अगले 48 घंटों तक आंधी के साथ बारिश होगी। शर्मा ने बताया कि नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का सबसे ज्यादा असर प्रदेश के जयपुर, अलवर, भरतपुर, बूंदी, बारा, धौलपुर, दौसा,करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, कोटा, चूरू, नागौर, श्रीगंगानगर, पाली, बीकानेर और जोधपुर



में नजर आएगा। यहां अगले 24 घंटों में ही 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। इस दौरान अलवर, भरतपुर, धौलपुर और दौसा में ओलावृष्टि की भी संभावना है।

**आगे क्या?**

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के तापमान में 3 से 5 डिग्री तक तापमान में गिरावट हो सकती है। यह दौर मंगलवार तक जारी रहेगा। 24 मई के बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम शुष्क रहेगा। ऐसे में 25 मई से नौतपा शुरू होने के साथ ही प्रदेश में तापमान एक बार फिर 45 डिग्री को पार कर सकता है।

**धौलपुर सबसे गर्म**

बीते 24 घंटों में प्रदेश में आंधी के साथ हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट का दौर भी शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से जहां प्रदेश में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा था। वहीं शनिवार शाम हुई बारिश के बाद रविवार को अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को सिर्फ धौलपुर में प्रदेश में सबसे अधिक 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार को प्रदेश के 20 जिलों में और शनिवार को प्रदेश के 10 जिलों में तापमान 45 डिग्री को पार कर गया था।

## उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों को पेट्रोल, डीजल पर वैट कम करना चाहिए : मायावती

लखनऊ।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी किए जाने के बाद रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि अन्य सभी राज्यों की जिम्मेदारी बनती है कि वे वैट (मूल्य संवर्धित कर) में तत्काल कटौती करें। मायावती ने रविवार को ट्वीट किया, ''देश में हर तरफ बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी एवं तनाव आदि की मार से त्रस्त एवं बदहाल जीवन जीने को मजबूर लोगों को केंद्र ने काफी समय बाद पेट्रोल-डीजल के शुल्क में थोड़ी राहत दी है। अब उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों की जिम्मेदारी बनती है कि वे केंद्र की बात मानकर इन (पेट्रोल और डीजल) पर तत्काल वैट कम करें।

## कुतुब मीनार विवाद : खुदाई पर कोई फैसला नहीं लिया; परिसर में पूजा की याचिका पर सुनवाई 24 को : रेड्डी

नई दिल्ली।



केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मीडिया रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा है कि अभी कुतुब मीनार खुदाई का कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा क पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से कुतुब मीनार परिसर में कोई भी खुदाई नहीं की जाएगी। अभी तक इस बारे में हमने कोई भी डिसीजन नहीं लिया है।

इससे पहले खबर आई थी कि कुतुब मीनार के पास स्थित मस्जिद से 15 मीटर की दूरी पर खुदाई की जा सकती है। इसको लेकर मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने शनिवार को इसके लिए हाईलेवल मीटिंग भी की है। कुतुब मीनार में 1991 में अंतिम बार खुदाई का काम हुआ था।

**परिसर में पूजा के लिए दाखिल है याचिका :**

दिल्ली के साकेत कोर्ट में 17 मई को कुतुब मीनार परिसर में पूजा की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टल गई थी। इस याचिका पर 24 मई को सुनवाई होनी है। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने 2022 में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि कुतुब मीनार स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद को हिन्दू और जैन धर्म के 27 मंदिर को तोड़कर बनाया गया है। ऐसे में वहां फिर से मूर्तियां स्थापित की जाएं और पूजा करने की इजाजत दी जाए।

**कुतुब मीनार नहीं, सन टॉवर :**

यह कुतुब मीनार नहीं, सन टॉवर है। मेरे पास इस संबंध में बहुत सारे सबूत हैं। शर्मा ने एएसआई की तरफ से कई बार कुतुब मीनार का सर्वेक्षण किया है। उन्होंने कहा, कुतुब मीनार के टॉवर में 25 इंच का टिल्ट (झुकाव) है, क्योंकि यहां से सूर्य का अध्ययन किया जाता था। इसीलिए 21 जून को सूर्य आकाश में जगह बदल रहा था तब भी कुतुब मीनार की उस जगह पर आधे घंटे तक छाया नहीं पड़ी। यह विज्ञान है और एक पुरातात्विक साक्ष्य भी।

**रात में ध्रुव तारा देखा जाता था**

लोग दावा करते हैं कि कुतुब मीनार एक स्वतंत्र इमारत है और इसका संबंध करीब की मस्जिद से नहीं है। दरअसल, इसके दरवाजे नॉर्थ फेसिंग हैं, ताकि इससे रात में ध्रुव तारा देखा जा सके।

## भाजपा ने पूर्वोत्तर में 'भ्रष्टाचार की संस्कृति' को समाप्त किया : शाह



नामसई (अरुणाचल प्रदेश)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्वोत्तर भारत में ''भ्रष्टाचार की संस्कृति'' को समाप्त किया है और विकास कार्यों के लिए निर्धारित धन अब आखिरी व्यक्ति तक पहुंचा है, जबकि कांग्रेस के शासन में अधिकतर राशि बिचौलिए हड़प जाते थे। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के 50 साल में इस क्षेत्र को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद ही इस क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री से यह सवाल करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा कि उन्होंने क्षेत्र में किया क्या है। शाह ने कहा कि यदि कांग्रेस आंखें बंद रखेगी, तो वह विकास को देख नहीं पाएगी। शाह ने कहा, ''राहुल गांधी, आंखें खोलिए और इतालवी चश्मे उतारकर भारतीय चश्मे पहनिए। तभी आप क्षेत्र में मोदी द्वारा किए गए विकास को देख पाएंगे, जो आपकी पार्टी 50 साल में करने में नाकाम रही।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के शासन के दौरान इस क्षेत्र के लिए दी गई विकास निधि को बिचौलियों ने हड़प लिया, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के केंद्र की सत्ता में आने के साथ ही भ्रष्टाचार की संस्कृति समाप्त हो गई है और एक-एक पैसे का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया है कि विकास का पैसा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## क्वाड शिखर वार्ता से समूह के कार्यों में हुई प्रगति की समीक्षा का अवसर मिलेगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि जापान में क्वाड नेताओं की आमने-सामने की दूसरी शिखर वार्ता से चारों देशों के नेताओं को समूह द्वारा उठाए गए कदमों में हुई प्रगति की समीक्षा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस वार्ता से हिंद-प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रमों के साथ ही आपसी हितों से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

जापान के दो दिवसीय (23-24 मई) दौरे पर रवाना होने से पहले मोदी ने एक बयान जारी कर कहा कि इस यात्रा के दौरान वह अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जिसमें दोनों नेता बहु-आयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। मोदी ने कहा, ''हम क्षेत्रीय घटनाक्रमों और समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर भी संवाद जारी रखेंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जापान के अपने समकक्ष फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर तोक्यो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 में उन्होंने 14वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए किशिदा की मेजबानी की थी।




## बंगाल सरकार में भाजपा को झटका : नाराज चल रहे सांसद अर्जुन सिंह तृणमूल में लौटे, 11 महीने में 5 बड़े नेताओं ने बीजेपी छोड़ी

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से भाजपा सांसद अर्जुन सिंह ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। अर्जुन सिंह टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी के सामने पार्टी की सदस्यता ली। सिंह 2019 चुनाव से पहले भाजपा में आए थे और बैरकपुर से सांसद बने थे। सिंह बंगाल विधानसभा में भाटपारा से 4 बार विधायक रह चुके हैं।

पिछले 11 महीने में बंगाल भाजपा 5 बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। अर्जुन सिंह पिछले 6 महीने से लगातार साइड लाइन होने की वजह से नाराज चल रहे थे। सिंह के अभिषेक बनर्जी से मुलाकात की खबर के बाद भाजपा उन्हें मनाने के लिए एक्टिव हुई, लेकिन सूत्रों का कहना है कि उन्होंने हाईकमान का फोन रिसीव नहीं किया।



**बैरकपुर में तृणमूल के पास नहीं था कोई बड़ा चेहरा :** 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद अर्जुन सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया था। तृणमूल के दिग्गज नेता दिनेश त्रिवेदी को बैरकरपुर सीट से हराया था। हालांकि, 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले त्रिवेदी भी भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसके बाद यहां तृणमूल के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं बचा था।

**जूट मिल का मुद्दा बना पार्टी छोड़ने का अहम कारण**

अर्जुन सिंह पिछले कई महीनों से जूट किसानों की मांग को लेकर अपने ही सरकार के खिलाफ हमलावर थे। दरअसल, केंद्रीय जूट आयोग ने कच्चे जूट की कीमतें तय कर दी, जिसके बाद बंगाल में कच्चे जूट जरूरत से भी कम मिलने लगा। इसको लेकर सिंह लगातार केंद्र के खिलाफ मुखर रहे। सिंह जिस क्षेत्र से आते हैं, वो जूट मिल का गढ़ कहा जाता है। वहां पर 20 में से 10 मिलें पिछले दिनों बंद हो गई थी। इसके बाद से ही सिंह अपनी उपेक्षा के चलते हाईकमान से नाराज चल रहे थे।

## इमरान खान ने भारत को सराहा

इस्लामाबाद.

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। इमरान के मुताबिक, भारत ने एक बार फिर दिखा दिया है कि वो किसी के दबाव में नहीं झुकता। दुनिया में फ्यूल महंगा होता जा रहा है, इसके बावजूद भारत सरकार ने अपने नागरिकों को बहुत बड़ी राहत दी है। भारत क्वॉड का मेंबर है और इसके बावजूद वो रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है। यह पहली बार नहीं है जब इमरान ने मोदी सरकार के फैसलों की तारीफ की हो। सत्ता जाने के बाद से इमरान कई रैलियों में भारत की आजाद फॉरेन पॉलिसी की तारीफ कर चुके हैं।

## सम्पादकीय



# नई शुरुआत का वक्त

आर्थिक नीति में पहली बार बदलाव की शुरुआत और फिर एक जुलाई 1991 को रुपए के अवमूल्यन को इकतीस साल हो चुके हैं, इसका मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा। यह एक ऐसा नाटकीय और जोखिम भरा कदम था, जिसकी व्यापक तौर पर निंदा हुई थी। विपक्ष इस कदर हमलावर था कि पीवी नरसिंहराव इसका अगला कदम उठाने से रुकना चाह रहे थे। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री की 'इसे रोकने' की इच्छा के समर्थन में थे। आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर डॉ. सी. रंगराजन 'उपलब्ध' नहीं थे। और अगले अड़तालीस घंटे के भीतर ही एक बार फिर रुपए के और अवमूल्यन का बिगुल बज गया था! यह दो चरणों वाला नृत्य था और इसकी तैयारी पहले से ही कर ली गई थी और बहुत ही कुशलता के साथ पूरा किया गया था। इसके बाद जो हुआ, उसे दो शब्दों में विशुद्ध साहस कहा जा सकता है। इसके तुरंत बाद सरकार ने व्यापार नीति सुधार, नई औद्योगिक नीति और लीक से हट कर बजट बनाया था। इस पर दुनिया का ध्यान गया और उसने सरकार के साहस, स्पष्टता और तेजी पर गौर किया। हाथी का नृत्य शुरू हो चुका था। पिछले तीस साल में जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने उदारवाद के दौर में शुरुआत की, उससे देश को संपत्ति सृजन, नए कारोबार, नए उद्यमों, बड़ा मध्यवर्ग, लाखों रोजगार, निर्यात और सत्ताईस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने जैसे मामलों में बड़ा लाभ पहुंचा। फिर भी, इसमें कोई संदेह नहीं कि आबादी का बड़ा हिस्सा बेहद गरीबी में जी रहा है।

एक सौ सोलह देशों के वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2021 में भारत एक सौ एकवें स्थान पर है। बड़े पैमाने पर महिलाएं और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, जैसा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वे-5 में उजागर भी हो गया है। शिक्षा पर सालाना रिपोर्ट बता रही है कि नतीजे कितने बदतर हैं। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। महंगाई लगातार उच्च स्तर पर जा रही है। आय, संपत्ति और लैंगिक असमानताएं बढ़ रही हैं। लोगों के कई वर्गों को उचित और समान अवसरों से वंचित कर दिया गया है। हम खुली, उदार और बाजार आधारित अर्थव्यवस्था से अलग नहीं हो सकते हैं। ऐसा करना आत्मघाती होगा। आखिरकार, हमें वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए अपनी आर्थिक नीतियों को फिर से तैयार करने की कवायद करनी चाहिए। इसके लिए 1991 जैसे साहस, स्पष्टता और रफ्तार की जरूरत होती है। वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार करें। अमीर राष्ट्र और अमीर हो गए हैं, उदाहरण के लिए चीन और भारत के बीच खाई और चौड़ी हो गई है। 2022 में चीन की जीडीपी एक सौ सड़सठ खरब अमेरिकी डालर हो जाएगी और भारत की तीस खरब अमेरिकी डालर। डिजिटल प्रौद्योगिकी इंसान की जिंदगी के हर पहलू पर धावा बोलेगी। डाटा नई दौलत होगा। मशीनी मानव, रोबोट, मशीनें और कृत्रिम मेधा दुनिया पर राज करेंगे और इनसान की भूमिका नए सिरे से परिभाषित होगी। 5जी, इंटरनेट 3.0, ब्लाकचेन, मेटावर्स और अज्ञात आदि नई दुनिया में अपनी जगह बनाते हुए इसे फिर से तय करेंगे। जलवायु परिवर्तन अपने नतीजे दिखाएगा और मानव जाति इनका सामना करने को मजबूर होगी। हम जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल छोड़ने को मजबूर होंगे और इस धरती पर बचे रहने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के स्त्रोतों का इस्तेमाल करने के दबाव में होंगे। घरेलू घटनाक्रमों पर गौर करें। कुल प्रजनन दर गिर कर दो पर आ चुकी है, जो विस्थापन दर से भी नीचे है। पंद्रह साल से कम उम्र की आबादी का अनुपात जो 2015-16 में 28.6 फीसद था।

# ज्ञानवापी मामले को दोनों पक्ष कोर्ट से बाहर सुलझा लें तो देश की एकता और मजबूत होगी

**एक तरफ सुप्रीम कोर्ट तक ने कह दिया है कि पूजा स्थल कानून 1991 किसी धार्मिक स्थल के धार्मिक स्वरूप का पता लगाने पर रोक नहीं लगाता है, तब भी ओवैसी जैसे नेता 1991 के पूजा स्थल कानून के उल्लघंन का ढिंढोरा पीटने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर जारी विवाद के बीच इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा जैसे लोग अपनी कौम को भड़काने में लगे हैं और ज्ञानवापी विवाद के बीच मुसलमानों से जेल भरो आंदोलन चलाने का आह्वान करते हुए कह रहे हैं कि हर जिले में दो लाख मुसलमान गिरफ्तारी दें। दिल्ली के इंडिया इस्लामिक सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि अगर ज्ञानवापी पर कुछ नहीं किया गया तो यहां भी बाबरी मस्जिद की तरह पाबंदी लगेगी। तौकीर रजा हाल में सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आए थे और मुसलमानों से कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग की अपील भी कि थी, लेकिन उनकी बात किसी मुसलमान ने नहीं सुनी थी। ओवैसी और तौकीर ही नहीं, तमाम मुस्लिम धर्म गुरु कयामत तक मस्जिद रहने की बात कर रहे हैं।**

ज्ञानवापी मस्जिद/विश्ववेश्वर मंदिर की लड़ाई हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की चौखट से होते हुए पुनः वाराणसी की जिला कोर्ट में पहुंच गई है। दोनों ही शीर्ष अदालतों को जरा भी यह नहीं लगा कि जिला अदालत उक्त मामले की ठीक से सुनवाई नहीं कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बहुचर्चित ज्ञानवापी मामले की सुनवाई जिस तरह वाराणसी की सिविल अदालत की बजाय जिला अदालत को सौंपी और उसे आठ हफ्ते में सुनवाई पूरी करने को कहा, उससे यही प्रतीत होता है कि ज्ञानवापी मस्जिद का विवाद अयोध्या के प्रभु राम जन्मभूमि विवाद की तरह से लम्बा नहीं खिंच पाएगा। सब जानते हैं कि अयोध्या विवाद में मुस्लिम पक्षकारों ने कोर्ट के भीतर किस तरह से लटकाने-भटकाने का काम किया था। यदि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार वाराणसी की जिला कोर्ट में सुनवाई आगे बढ़ी तो यह सुखद होगा कि ज्ञानवापी मस्जिद विवाद का निस्तारण दो महीने के भीतर हो जाएगा, जोकि दोनों पक्षकारों के लिए ही नहीं बल्कि देश-प्रदेश के अमन-चैन के लिए भी जरूरी है। ज्ञानवापी को लेकर पिछले कुछ दिनों से जिस तरह का माहौल गरमाया हुआ है, वह होना तो नहीं चाहिए था, क्योंकि मामला कोर्ट में चल रहा है, कोर्ट का फैसला जब आएगा, तब आएगा इससे पहले ही दोनों ही पक्षों के लोग और समर्थक अपने-अपने खोखले और आधे-अधूरे ज्ञान एवं दावों के बल पर अपना फैसला सुनाने में लगे हैं।

चूंकि यह एक बेहद संवेदनशील प्रकरण है, इसलिए यह सभी के हित में है कि इस मामले का जितनी जल्दी संभव हो, समाधान किया जाए। निःसंदेह ऐसा न्यायपालिका की सक्रियता से ही संभव है। इस मामले में न्यायपालिका के स्तर पर वैसी देरी नहीं होनी चाहिए, जैसी अयोध्या मामले में हुई और जिसके नतीजे अच्छे नहीं रहे। इसके साथ ही नेताओं को भी ज्ञानवापी मस्जिद/विश्ववेश्वर मंदिर मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना चाहिए। ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बयान भी काफी शर्मनाक नजर आ रहा है। ज्ञानवापी विवाद के बीच एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने अयोध्या पहुंचे अखिलेश यादव ने वहीं से विवादित बयान देते हुए बीजेपी को तो निशाने पर लिया ही, इसके साथ ही अखिलेश यादव ने ज्ञानवापी विवाद को राममंदिर विवाद से जोड़ते हुए कहा कि रात के अंधेरे में मूर्तियां रखवा दी गयी थीं। उन्होंने शिवलिंग मिलने के दावे पर कहा कि कहीं भी पत्थर रख दो मंदिर बन जाता है। आश्चर्य होता है अखिलेश के मुंह से ऐसे बयान सुनकर। अखिलेश से समझदार तो आजम खान निकले। जेल से छूटकर आजम खान जब रामपुर में मीडिया से रूबरू हुए तो उनसे ज्ञानवापी पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने मामला न्यायलय में होने की बात कहते हुए किसी भी तरह का बयान देने से मना कर दिया। ज्ञानवापी मामले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विवादित बयान के बाद ही उनकी पार्टी के एक और नेता का इस मामले में भड़काऊ बयान सामने आया। अक्सर



अपने विवादित बयानों की वजह से चर्चा में रहने वाले संभल से सपा नेता शफीकुर्रहमान बर्क का ज्ञानवापी मामले पर भड़काऊ बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद पर कब्जा हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कथित रूप से कहा कि अगर ज्ञानवापी को सील किया जाएगा तो कई जाने कुर्बान जाएंगी। बहरहाल, एक तरफ ज्ञानवापी मस्जिद/विश्ववेश्वर मंदिर विवाद कोर्ट में चल रहा है तो दूसरी तरफ कुछ लोग चाहते हैं कि यह विवाद कोर्ट की बजाए हिन्दू और मुस्लिम दोनों पक्षों के लोग आपस में मिल बैठकर सुलझा लें। ऐसी सोच रखने वालों का तर्क है कि इससे सामाजिक सद्भाव को बल मिलने के साथ ही राष्ट्रीय एकता का भाव भी प्रबल होगा। अयोध्या मामले में ऐसा नहीं हो पाया था तो इसीलिए कि स्वस्थ संवाद की बजाय वाद-विवाद को ज्यादा तूल दिया गया। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अयोध्या मामले को आपसी बातचीत से हल करने में कई राजनीतिक दल बाधक बने थे। उनका स्वार्थ इसी में था कि किसी तरह इस विवाद का समाधान न होने पाए। कम से कम इस बार ऐसे राजनीतिक दलों को अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा हो पाएगा, इस बात की संभावना काफी कम है। खैर, यह सच है कि काशी का ज्ञानवापी प्रकरण अयोध्या मामले से भिन्न है और इसके संदर्भ में 1991 में बनाए गए धर्मस्थल कानून को भी रेखांकित किया जा रहा है, जो यह कहता है कि सभी धार्मिक स्थल उसी स्थिति में रहेंगे, जिसमें वे 15 अगस्त 1947 को थे, लेकिन इस कानून में कुछ अपवाद भी हैं। यह उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मामले की सुनवाई करते हुए यह कहा कि किसी स्थल के धार्मिक चरित्र यानी उसके रूप-स्वरूप का आकलन प्रतिबंधित नहीं है। इससे यही स्पष्ट होता है कि सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी की सिविल अदालत के उस फैसले को सही पाया, जिसमें उसने ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण का आदेश दिया था। यहां यह बता देना भी जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट की तरह से इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी वाराणसी की सिविल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की कोई जरूरत नहीं समझी और वह भी तब जब उसके समक्ष 1991 के धर्मस्थल कानून का संदर्भ दिया गया था।

## व्यापार समाचार

# इंडोनेशिया के निर्यात खोलने से बीते सप्ताह तेल-तिलहनों के थोक भाव टूटे

नई दिल्ली।

विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों कीमतों में तेजी के बावजूद इंडोनेशिया द्वारा निर्यात खोलने के कारण देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट का रुख देखने को मिला। सोयाबीन के डीऑयल्ड केक (डीओसी) की मांग बढ़ने से सोयाबीन तिलहन के भाव में सुधार आया, जबकि गिरावट के आम रुख के अनुरूप सोयाबीन तेलों की कीमतें गिरावट दर्शाती बंद हुईं। बाजार सूत्रों ने कहा कि इंडोनेशिया द्वारा निर्यात खोले जाने के बाद विदेशों में सूरजमुखी को छोड़कर सोयाबीन, पामोलीन तेलों के दाम में लगभग 100 डॉलर की कमी हुई है। ऊंचे दाम पर देश में आयात घटा है और स्थानीय मांग की पूर्ति देशी तेल (सोयाबीन, मूंगफली, बिनौला और सरसों) से की जा रही है। इसमें सबसे अधिक दबाव सरसों पर है जो आयातित तेलों से कहीं सस्ता बैठता है। आयातित तेलों की मांग भी नहीं के बराबर है जिससे पिछले साल के मुकाबले इस बार अप्रैल में आयात लगभग 13



प्रतिशत घटा है। सूत्रों ने बताया कि हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में सरसों का भारी मात्रा में रिफाइंड बनाया जा रहा है। लेकिन आयातित तेलों की कमी को इन तेलों से पूरा करने की भी एक सीमा है। इसके कारण आने वाले दिनों में सरसों जैसे तिलहन की किल्लत पैदा हो सकती है। आने वाले दिनों में खाद्य तेल आपूर्ति की दिक्कतों से बचने के लिए सरकारी खरीद एजेंसियों को सरसों जैसे तिलहनों का स्टॉक बना लेना चाहिये और सरकार को खुदरा कारोबार में जहां धांधलेबाजी हो उसे रोकने का इंतजाम करना चाहिये। सूत्रों ने बताया कि पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 100 रुपये टूटकर 7,515-7,565 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल 250 रुपये टूटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 15,050 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 40-40 रुपये की हानि के साथ क्रमशः 2,365-2,445 रुपये और 2,405-2,515 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद डीओसी मांग होने से समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 25-25 रुपये लाभ के साथ क्रमशः 7,025-7,125 रुपये और 6,725-6,825 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। गिरावट के आम रुख के अनुरूप समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतें नुकसान के साथ बंद हुईं।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का चालू वित्त वर्ष में मुनाफे में 25-30 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य

मुंबई।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में अपने मुनाफे में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है। बैंक ने कहा है कि शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में बढ़ोतरी तथा डूबे कर्ज के लिए प्रावधान घटने से वह मुनाफे में अच्छी वृद्धि हासिल कर पाएगा। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक ने 1,150 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के 550 करोड़ रुपये के दोगुने से भी अधिक है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए एस राजीव ने एक साक्षात्कार में कहा, ''इस वित्त वर्ष में हमारा शुद्ध लाभ और बढ़ेगा। पिछले साल हमने संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के लिए परिचालन मुनाफे से अधिक प्रावधान किया था। अब हमारी शुद्ध




गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) एक प्रतिशत से नीचे आ गई हैं। सकल एनपीए भी चार प्रतिशत से कम है।'' राजीव ने कहा, ''अब डूबे कर्ज के लिए और प्रावधान करने की जरूरत नहीं होगी। इससे हमारा मुनाफा अपने-आप सुधरेगा। मेरा अनुमान है कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2022-23 में हमारा शुद्ध लाभ 25 से 30 प्रतिशत अधिक रहेगा।'' शुद्ध ब्याज आय में बढ़ोतरी के बूते भी बैंक मुनाफे में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है। बैंकों द्वारा ऋण पर लिए जाने वाले ब्याज और जमा पर दिए जाने वाले ब्याज का अंतर शुद्ध ब्याज आय होता है।







## आज का राशिफल

### मेष
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी।

### वृषभ
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

### मिथुन
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है। आय में निश्चितता रहेगी। समय शीघ्र सुधरेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अध्यात्म में रुझान रहेगा।

### कर्क
नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

### सिंह
भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रमाद न करें।

### कन्या
आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है।

### तुला
नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा।

### वृश्चिक
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। धनहानि भी आशंका है। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### धनु
व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

### मकर
योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें। निवेश में जल्दबाजी न करें।

### कुंभ
घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। उत्साह बना रहेगा। चिंता तथा तनाव कम होंगे। भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा।

### मीन
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। बेकार बातों पर बिलकुल ध्यान न दें। कारोबार में वृद्धि होगी।




# होटल पर खड़े ट्रक में नमक के कट्टों के नीचे छिपाया था 2508 किलो डोडा-पोस्त

## नशा तस्करी के खिलाफ नागौर पुलिस की एक दशक की सबसे बड़ी कार्यवाही

### 80 लाख रुपए के डोडा-पोस्त से भरा लावारिस ट्रक पकड़ा

नागौर(नागौर डेली न्यूज) :



नागौर पुलिस ने रविवार को कार्यवाही करते हुए हाईवे स्थित गोगेलाव स्थित एक होटल पर लावारिस खड़े ट्रक में से 80 लाख रुपयों का अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नशा तस्करी के खिलाफ नागौर पुलिस की ये पिछले एक दशक की सबसे बड़ी कार्यवाही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सदर पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान सूत्रों से जानकारी मिलने पर गोगेलाव सरहद में होटल वीर तेजा के बाहर लावारिस खड़े एक ट्रक की तलाशी ली। तलाशी में पुलिस टीम को ट्रक में कुल 325 नमक के कट्टे मिले। जब इन कट्टो को हटाकर नीचे देखा गया तो वहां भारी मात्रा में डोडा पोस्त भरा हुआ था। वजन कराने पर 2508 किलो डोडा-पोस्त भरा हुआ मिला। डोडा-पोस्त व ट्रक को जब्त कर लिया गया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ट्रक में नमक के कट्टों के नीचे 2508 किलो अवैध डोडा-पोस्त छिपाकर भरा हुआ था।

# आज ऐतिहासिक अंगदान-देहदान पंजीकरण महोत्सव मूंडवा में

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** यहाँ के रुपम साहित्य एवं शिक्षा संस्थान मूंडवा के तत्वावधान में अंगदान-देहदान पंजीकरण कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्थान के अध्यक्ष डॉ राजेश बुगासरा ने बताया कि कार्यक्रम अपनी तरह का प्रदेश का पहला कार्यक्रम है। करीब 25 महादानी अपना पंजीकरण करवाएँगे। संपूर्णानंद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. मनीष चौहान पंजीकरण प्रपत्र लेकर प्रतिज्ञा दिलवाएँगे ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश जोशी होंगे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त सेशन जज बलदेवराम चौधरी करेंगे। विशिष्ट एवं प्रेरक अतिथि राघवेन्द्र मिर्धा, कुचेरा, डॉ. रवि ईनाणियां, डॉ. मिलि ईनाणियां, डॉ. मेहराम महिया (सी एम एच ओ नागौर), डॉ. शंकरलाल जाखड, प्राचार्य मिर्धा महाविद्यालय नागौर, विजय कुमार साँखला, पुलिस उप अधीक्षक मूंडवा, पेमाराम चौधरी, तहसीलदार मूंडवा, हरदेवा राम आनंद (शिक्षाविद्, कुचामन), भरतपाल शेखावत, प्रदेश अध्यक्ष, एलुमनाई ऑफ नवोदयंस उपस्थित रहेंगे।

# सोनी की स्मृति में पांचवा में रक्तदान शिविर आयोजित

## 166 यूनिट रक्त संग्रहित

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी एवं श्याम ब्लड बैंक के तत्वावधान में ग्राम पांचवा एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से स्वर्गीय चतुर्भुज सोनी की पुण्य स्मृति में स्वर्णकार परिवार के सौजन्य से रविवार को महावीर भवन यूको बैंक के पास पांचवा में तृतीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 166 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में श्याम ब्लॅड बैंक कुचामनसिटी की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर सौजन्यकर्ता परिवार के महेंद्र सोनी, महेश सोनी, श्रवण सोनी, लायंस क्लब के प्रांतीय सीईओ रक्तदान लॉयन श्याम सुंदर सैनी, लॉयन बाबूलाल मान्धनिया, लॉयन मनोज अग्रवाल एवं श्याम ब्लड बैंक के प्रतिनिधि श्रीपाल सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर का डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी राजकीय चिकित्सालय पांचवा ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कुचामन की समाजसेवी संस्थाओं के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। शिविर में हजारीमल कुमावत ने 17वीं बार रक्तदान किया। सौजन्यकर्ता सोनी परिवार के 9 सदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर में 10 महिलाओं ने भी रक्तदान किया एवं शिविर में महेंद्र-बबीता सोनी, महेश-रिंकू सोनी, पवन-सरिता शर्मा, मुकेश-सुरजा देवी स्वामी, प्रमोद-पूजा वैष्णव आदि ने सपत्नीक रक्तदान किया।

### रक्तदान में सिरमोर रहा है कुचामन : सैनी

प्रांतीय सीईओ रक्तदान लॉयन सैनी ने कहा कि कुचामन में सन् 1992 से ही रक्तदान के क्षेत्र में कार्य हो रहा है। सन् 2001 से 2004 में राज्य में सर्वाधिक रक्त संग्रहण का रिकॉर्ड भी कुचामन का ही रहा है।

### इन्होंने दिया व्यवस्थाओं को अंजाम

शिविर की व्यवस्थाओं में श्याम मित्र मंडल पांचवा, सुनील मुवाल, जीवण कुमावत, जेठूराम माली, कैलाश पहाड़िया, कपूरचंद पहाड़िया, पूर्णसिंह शेखावत, मांगीलाल सोनी, मनोज खंडेलवाल, पवन खंडेलवाल, संजय कुमार शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, मनोहर सिंह, मुकेश स्वामी, राकेश चौहान, मुरारी पारीक, सुनील शर्मा, अमित सोनी, हरिशंकर सोनी, विनोद स्वामी, मनोज पाराशर, वासीतअली, राजेंद्र सिंह पवार, महावीर प्रसाद (सरपंच प्रतिनिधि), जगदीश कुमावत( उपसरपंच), गिरधारी शर्मा, लालचंद कुमावत, सुशील जांगिड़, सुभाष जैन, विकास जैन, महेंद्र कुमार सैन, प्रदीप स्वामी, सुभाष शर्मा, गोपाल गुर्जर, शंकर कुमावत, बाबूलाल, अशोक कुमावत, दिलीप जांगिड़, प्रमोद स्वामी, कृष्ण अवतार शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# श्री वागीश्वरी विद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस



## विश्व जैव विविधता दिवस पर पेड़ो पर पक्षियों के लिए लगाए घोंसले

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय नागौर के तत्वाधान में व स्थानीय बालचर संघ मूंडवा के द्वारा श्री वागीश्वरी विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडवा में आयोजित कौशल विकास शिविर अभिरुचि केन्द्र में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया। जैव विविधता पर अपने विचार रखते हुए स्थानीय संघ सचिव गजेन्द्र गेपाला ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने जैव विविधता के मुद्दों की समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस घोषित किया है। जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा की दूसरी समिति द्वारा 1993 के अंत में, 29 दिसंबर (जैविक विविधता के सम्मेलन के लागू होने की तिथि) को बनाया गया था, तब इसे अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में नामित किया गया था। दिसंबर 2000 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 मई 1992 को जैविक विविधता पर कन्वेंशन के सहमत पाठ को अपनाने के लिए सम्मेलन के नैरोबी अंतिम अधिनियम द्वारा कन्वेंशन के पाठ को अपनाने के लिए 22 मई को आईडीबी के रूप में अपनाया। तब से लेकर अब तक प्रति वर्ष निम्नांकित थीम आधार पर विश्व जैव विविधता दिवस मनाया जा रहा है। सभी दक्ष प्रशिक्षक दिनेश मुण्डेल के नेतृत्व में सभी प्रशिक्षकों ने इस अवसर पर पौधों को पानी पिलाया।

# स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहरा ने करवाया जटिल प्रसव

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** उप जिला चिकित्सालय,परबतसर में पहले हाई रिस्क डिलीवरी के केस अजमेर, जयपुर, किशनगढ़, रेफर किया जाता था लेकिन विधायक रामनिवास गावड़िया से आम जन ने निवेदन करके स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश मेहरा के उप जिला चिकित्सालय में ज्वाइन करने के पश्चात अब यहां पर जटिल प्रसव भी होने लगे हैं।

21 मई को प्रात: एक प्रसूता हॉस्पिटल में भर्ती हुई, जांच करने पर पाया गया कि प्रसूता का बीपी 160 से अधिक था, खून की कमी थी तथा पूरे शरीर पर सूजन थी डॉक्टर मेहरा ने बताया कि चिकित्सकीय भाषा में इस स्थिति को प्री इकलैंपशिया कहते हैं जो कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी की श्रेणी में आता है।

# वेद विद्यालय के विद्यार्थियो को खिलाई खीर-जलेबी

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लीचाणा के बस स्टैंड स्थित श्री ऋषिकुल संस्कृत वेद विद्यालय में रविवार को एयू स्माल फाइनेंस बैंक के तत्वावधान में बच्चों को खीर जलेबी खिलाई गई। यह वेद विधालय सीताराम दास महाराज बल्डाधाम गौगोर के सानिध्य में रहना, खाना व वेद संस्कृत अध्ययन निशुल्क करवाया जा रहा है। आज एयू स्माल फाइनेंस बैंक कुचामन सिटी के तत्वावधान में वेद संस्कृत विधालय के विधार्थियो को खीर जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान प्रसाद से पूर्व आचार्य नवीन शर्मा व निर्देशक दिनेश पोषक ने वैदिक मंत्रोच्चारण करवाया ।सभी विधार्थी यहीं पर रहकर विधा अध्ययन करते है। सभी भगवा रंग की पोशाक पहन रखी थी। आचार्य नवीन शर्मा ने बताया कि यहां पर वेद, पुराण ज्योतिष, पंचांग, संस्कृत, सनातन धर्म के अनुसार निशुल्क विधा अध्ययन करवाया जा रहा है। एयू बैंक के मैनेजर व अन्य पदाधिकारी व कार्मिको वेद विधालय परिसर का निरीक्षण भी किया। तत्पश्चात बल्डाधाम गौगोर जाकर मंदिर का दर्शन किया। साथ ही महंत बल्डाधाम गौगोर सीताराम दास महाराज का आर्शीवाद भी प्राप्त किया। इस दौरान एयू बैंक के एरिया मैनेजर गोविंद प्रजापत,क्रेडिट मैनेजर मधुसूदन शर्मा, पीसीएम संजय सिंह, सुगन रामावत, लोकेंद्र प्रजापत, सुरेश प्रजापत, भवानी सिंह, मेघ सिंह, बनवारी ,सुनील ,वेद विधालय विधार्थी, आचार्य आदि मौजूद थे।

# हृदय रोग जांच व परामर्श शिविर में 94 रोगी हुए लाभान्वित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को लायंस क्लब कुचामनसिटी के तत्वावधान में रामअवतार सीताराम चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से श्री रामजीवन काबरा रोग निदान केंद्र पर हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। क्लब सचिव सीए मुकेश डालुका ने बताया कि शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील जैन ने अपनी सेवाएं दी। शिविर संयोजक लॉयन नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में 94 रोगियों द्वारा चिकित्सीय परामर्श लिया गया, साथ ही चिकित्सकीय अनुशंषा पर 115 ब्लॅड सम्बंधित जाँचें, 34 ईसीजी व 18 एक्सरे की नि:शुल्क जाँचे की गयी।

# मुख्य मार्ग पर पाईप लाईन डालने के दौरान तोड़ी सड़क, वाहन चालकों की बढ़ी परेशानिया



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत लिचाणा में मुख्य बाजार में पानी की पाईप लाईन डाली जा रही है। ग्रामीण रामूराम कुमावत, राजूराम रणवां ने बताया कि पिछले एक माह से पाईप लाईन डालने का कार्य बंद पड़ा है। वहीं पाईप लाईन डालने के दौरान सड़क मार्ग पर खुदाई की गई थी, जिससे मुख्य मार्ग पर गहरे गड्डे बन गए है। जबकि यह कस्बे का व्यस्ततम मुख्य मार्ग है। जिससे आसपास के दुकानदार, ग्रामीण, वाहन चालको को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं ऋषिकुल वेद संस्कृत विद्यालय, जन जन की आस्था का केंद्र बल्डाधाम गौगोर सहित धार्मिक स्थलो के लिए जाने वाले यात्रियो को परेशानी हो रही है। ठेकेदार महेन्द्र ने दूरभाष पर बताया कि कार्य जारी है। अन्य मौहल्लो में किया जा रहा है। शीघ्र ही मुख्य मार्ग में सुधार कर दिया जायेगा। इसी प्रकार सरपंच नानुराम फोजी लिचाणा ने बताया कि पानी की समस्या को पानी की पाईप लाईन डाली जा रही है। पानी का लेवल चेक किया जा रहा है। शीघ्र प्राथमिकता के साथ यह कार्य किया जा रहा है।

# गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों में बढ़ा कम्प्यूटर शिक्षा के प्रति क्रेज



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा संपन्न होते ही कंप्यूटर शिक्षा के प्रति लगातार विद्यार्थियों का रुझान बढ़ता नजर आ रहा है। बोर्ड परीक्षा पूरी होने के बाद अब लगभग 2 महीने का अवकाश रहता है। इस अवकाश में विद्यार्थियों को फ्री रखने के बजाय माता-पिता अपने बच्चो को आज के युग में कंप्यूटर शिक्षा की ओर लगातार ध्यान दे रहे हैं और कंप्यूटर सेंटरों पर जाकर अपने बच्चो को कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करवा रहे हैं। कंप्यूटर शिक्षा व अकाउंटिंग टैली के विद्यार्थियों की लगातार गर्मियों की छुट्टियों में विद्यार्थियों की संख्यां देखकर अनुमान लगा सकता हैं कि छुट्टियों में संरक्षक और छात्र-छात्राओं में कंप्यूटर शिक्षा के प्रति लगातार बढ़ता रुझान देखने को मिल रहा है। जय श्री कॉलेज व्यवस्थापक हरेंद्र छाबा ने बताया कि राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त आर एस सी आईटी कंप्यूटर कोर्स का चलन ज्यादा नजर आ रहा है। इसमें बच्चो को कंप्यूटर शिक्षा के साथ मान्यता प्राप्त कंप्यूटर सर्टीफिकेट भी मिलता है जो की राज्य सरकार की सभी सरकारी नौकरी में मान्यता प्राप्त होता है ओर अनिवार्य भी रहता है जिससे बच्चों को डबल फायदा मिलता है।

### आरएससीआईटी परीक्षा संपन्न

रविवार को आरएससीआईटी परीक्षा का आयोजन हुआ। डेगाना में 3 राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों की परीक्षा का आयोजन हुआ डेगाना की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भंवरलाल लोमरोड, व राजकीय मॉडल स्कूल पुनाराम भहिया की देखरेख में परीक्षा का आयोजन किया गया, इसी प्रकार डेगाना बालिका विद्यालय में भी परीक्षा का आयोजन किया गया लगभग डेगाना में 400 छात्र-छात्राओं ने कंप्यूटर आरएससीआईटी की परीक्षा दी।

# भारी वाहनों के प्रवेश से राणी बाजार में जाम

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के सबसे व्यस्ततम राणी बाजार में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण रोज लग जाता है। जाम पहले राणी बाजार में इन बड़े वाहनों पर रोक लगाने के लिए दोनों तरफ लोहे के गार्डर लगाए गए थे, जिसको पालिका प्रशासन द्वारा निकल दिए गए। इससे आम जन और व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राणी बाजार के व्यापारी प्रकाश बागड़ा, विजय कुमार लखारा, सुरेंद्र बंजारा, योगेश टेलर, ताराचंद सोनी, अजीज खा पडियार, शाहरुख मनिहार,भवरलाल पादडा आदि व्यापारियों ने व्यापार मंडल सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित जैन को सूचित किया और जल्द ही दोनों तरफ लोहे के गार्डर लगवाने की मांग की है।

# कम्प्रेशर फटने से ऑपरेटर की दर्दनाक मौत

## खींवसर के आकला गांव की घटना

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखण्ड क्षेत्र के आकला की सियागों की ढाणी में देर रात हुए हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक बोरवेल मशीन का ऑपरेटर था। वो आकला गांव के एक खेत में शनिवार देर रात ट्यूबवैल खुदाई का कार्य कर रहा था। इस दौरान बोरवेल करते समय अचानक मशीन का कम्प्रेशर पाइप फट गया। इसके बाद कम्प्रेशर पाइप में से आग का गुबार निकला, जिसने ऑपरेटर को अपनी चपेट में ले लिया। झुलसने से ऑपरेटर बुरी तरह जल गया। खेत मालिक और वहां काम कर रहे लोग जैसे-तैसे कर उसे खींवसर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की ओर से रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

खींवसर थानाधिकारी कृष्णगोपाल चौधरी ने बताया कि आकला में शनिवार रात 11 बजे एक खेत में ट्यूबवैल करते समय कम्प्रेशर पाइप के फटने से बोरवेल ऑपरेटर पांचाराम माचरा पुत्र पोकर राम निवासी लवेरा (29) की झुलसने से मौत हो गई। मामले में इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दी गई है। थानाधिकारी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि आकला के सियागो की ढाणियों में बोरवैल की खुदाई के लिए मशीन लगी हुई थी देर रात कम्प्रेशर की फ्रेसर पाइप के फटने से निकली आग से ऑपरेटर पांचाराम माचरा की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी।



## पाइप लाइन लीकेज होने से पेयजल व्यवस्था बिगड़ी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेहरू में पेयजल की समस्या के चलते आम लोग परेशान हैं। तालाब में भी भीषण गर्मी के चलते पानी सूख गया। ग्रामीण अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए दूरदराज भटक रहे हैं। समाजसेवी ओम प्रकाश डिडेल ने बताया कि गांव में सरकारी दो नलकूप खुदे हुए हैं। हरिजन व मेघवाल के मोहल्ले में हौद पर जाने वाली पाइपलाइन लीकेज के चलते पानी व्यर्थ बह रहा है। इस संबंध में जलदाय विभाग अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही हैं। एक और भीषण गर्मी के चलते गांव में पेयजल व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ रही है। ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव में मीठे पानी नहीं आने के कारण आम लोग परेशान है।ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग अधिकारी द्वारा सुनवाई नहीं करने पर सोमवार को ग्रामीण कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याएं बताएंगे।

# महिलाओं ने खरीदारी करते हुए अंडरगारमेंट में छुपाए घी के डिब्बे व अन्य सामान, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

मोहम्मद शहजाद

**बोरावड़( नागौर डेली न्यूज ) :** मकराना उपखंड के बोरावड कस्बे में चोरी की हैरान करने वाली वीडियो सामने आई है, जिसमें कुछ महिलाएं खरीददारी करते हुए अंडरगारमेंट में घी के डब्बे व अन्य सामान चुराकर छुपाती हुई दिखाई दे रही है।

उक्त मामले को लेकर सुपर मार्केट के संचालक प्रकाश नेत्रा ने अज्ञात चार महिलाओं के खिलाफ पुलिस थाना मकराना में मामला दर्ज करवाया है। सुपर मार्केट की स्टोर इंचार्ज सोनू कंवर ने बताया शुक्रवार को शाम 4:25 पर चार महिलाएं खरीदारी करने आई थी। उस समय दो कर्मचारी कार्य कर रहे थे। उनमें से एक बिलिंग काउंटर पर और एक महिला कर्मचारी कॉस्मेटिक के सामान के पास कार्य कर रही थी। महिलाओं ने महिला कर्मचारी से खरबूजे के बीच मांगे। जिस पर कर्मचारी उनको ढूंढने में व्यस्त हो गई। इस दौरान 3 महिलाओं ने बारी-बारी से अलग-अलग ब्रांड के घी के 8 पैकेट, एक बादाम का पैकेट तथा पांच साबुन के पैकेट अपने अंडरगारमेंट में छिपा लिए।

**10 मिनट में दिया वारदात को अंजाम**-चोर महिलाओं ने इस पूरी वारदात को केवल 10 मिनट में ही अंजाम दिया। इसी दौरान महिलाओं ने बड़े ही शातिराना अंदाज में कैमरे से बचते हुए सामान को अपने अंडरगारमेंट में छुपाया। जबकि एक महिला कर्मचारी को बातों में ही उलझा दिया। उसके बाद भी शातिर महिलाओं की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। महिला ही इतनी शातिर थी कि उन पर किसी को शक ना हो इसलिए उन्होंने 200 रूपये का सामान भी खरीदा। इसके बाद चारों महिलाएं दो- दो अलग-अलग दिशाओं में चली गई। शाम को स्टॉक में घी के आठ डिब्बे, एक बदाम पेकेट कम मिलने पर मैनेजर ने सीसीटीवी कंगाले तो चोरी की वारदात सामने आई। उधर मकराना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच थाने के हेड कांस्टेबल पर्वत सिंह द्वारा की जा रही है।




## राम धाम खेड़ापा आचार्य पुरुषोत्तम दास महाराज का कबीर आश्रम में किया भव्य स्वागत



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान में राम धाम खेड़ापा आचार्य पुरुषोत्तम दास महाराज का भव्य स्वागत किया गया। आश्रम संस्थापक महंत डॉ. नानकदास महाराज ने पलक पांवड़े बिछाकर आचार्य का माला दुपट्टा सोल विश्वशांति संतकबीर मोमेंटो, कबीर मेडल पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर आचार्य पुरुषोत्तम दास महाराज ने प्रवचन के साथ-साथ मानवता पर उपदेश दिया। इस मौके पर आश्रम भक्त चूवा सरपंच गोकुल राम दिवराया, मुकेश तानाण, पुखराज गुर्जर, सिताराम प्रजापत, शिवपाल सेलवाड सहित भक्तों ने प्रवचन सुने।

## भामाशाह अमराराम बुगालिया के निधन पर भाजपाइयों ने जताया शोक



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के समीपस्थ ग्राम दीपपुरा ग्राम पंचायत के गांव गोपालपुरा में भामाशाह अमराराम बुगालिया के निधन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री हरीशचन्द्र कुमावत, पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, भाजपा नेता ज्ञानाराम रणवां, खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल आदि ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपाइयों ने कहा कि भामाशाह अमराराम बुगालिया सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे तथा हर इंसान के सुख दुख में शामिल होते थे। गौरतलब है कि भामाशाह अमराराम का कैंसर की लंबी बीमारी के बाद विगत गुरूवार को निधन हो गया था। काफी संख्या में क्षेत्र सहित मेड़ता तथा कुचामन के किसान, व्यापारी, बुद्धिजीवी वर्ग उनके आवास जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं।

## अमन कॉम्प्लेक्स का हुआ शुभारंभ, मिलेगी सभी प्रकार की सुविधा



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के मुख्य बाजार रेलवे स्टेशन के सामने रविवार को डेगाना नगर पालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल की अध्यक्षता में अमन कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में मदनलाल अटवाल ने बोलते हुए कहा कि ऐसे मार्केट की सुविधा सभी जगह होनी चाहिए जहां पर लोगों को एक साथ पूरी सुविधा मिल सके। और लगदी गाना में लगातार ऐसे बाजार की सुविधा हो रही है जो लोगों को एक जगह अच्छी सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर डेगाना कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, भामाशाह व पार्षद द्वारका प्रसाद हेड़ा, रफीक खान, अमन कॉन्प्लेक्स के निदेशक सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार हाजी कालू मोहम्मद छिंपा, मुस्ताक अहमद, इरफान राव, अशफाक खान, बनवारी लाल, मूलाराम, यूनुस, रूहान, राजू खान, इब्राहिम खान, ताज खान शहीद डेगाना के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मकराना को जिला बनाने की मुहिम हुई तेज




मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना को जिला बनाने के अभियान के तहत मकराना विकास समिति के सदस्यों की एक बैठक स्टेशन रोड़ पर स्थित होटल गणगौर में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष नितेश कुमार जैन की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सर्व संगठन मकराना के सहयोग से एक विशेष अभियान चलाकर 23 मई सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मकराना उपखंड अधिकारी को विभिन्न संगठनों के माध्यम से मुख्यमंत्री व जिला कलेक्टर के नाम मकराना को जिला बनाने का ज्ञापन प्रेषित करवाया जायेगा।

### विभिन्न संगठन देंगे ज्ञापन

इस विशेष अभियान के तहत मकराना के समस्त जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठन, बोरावड बाजार मार्केट, मकराना सदर बाजार मार्केट, संगमरमर व्यापार मंडल, बोरावड मार्बल मर्चेंट, इंडस्ट्रियल एरिया, मार्बल मार्केट, आईएस मार्केट, मेडिकल एसोसिएशन, हॉस्पिटल, व्यापारिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों आदि से अपील की गई है कि वह अपने लेटर पैड पर मकराना को जिला बनाने के लिए ज्ञापन तैयार करके सोमवार 23 मई सुबह 10 से दोपहर 2 बजे के दौरान मकराना एसडीएम ऑफिस पहुंचकर मकराना एसडीएम को ज्ञापन सौंपे।

### ये रहे मौजूद

इस संबंध में मकराना सर्व संगठन के विभिन्न जागरूक नागरिकों व जन प्रतिनिधियो ने वीडियो संदेश जारी करके भी 23 मई को ज्यादा से ज्यादा मकराना को जिला बनाने के पक्ष में ज्ञापन देने की अपील की है। मीटिंग के दौरान नितेश जैन, अजीज गहलोत, हाफिज रियाज, रामस्वरूप सोलंकी, सजाऊदीन लाडूजी, गिरधर पलोड़, दिलीप सिंह दिलढाणी, मो .इरशाद, कमल कांकानी, मिथलेश मारू, कर्नल केसरी सिंह, सूरजपाल बडत्या, भोलाराम ओड, पूरणमल उर्फ सुरेश कुमावत, राजीव सोलंकी आदि उपस्थित रहे।




# विधायक चौधरी ने ग्रामीणों से किया संवाद

## राजस्थान सरकार के उपमुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी रविवार को रहे नावां-कुचामन दौरे पर

### कई शोक सभा व सामाजिक कार्यों में की शिरकत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान सरकार में उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी रविवार को नावां-कुचामन दौरे पर रहे। टीम महेंद्र चौधरी के आईटी सेल प्रभारी गिरधारी महला ने बताया कि चौधरी ने रविवार को ग्राम पंचायत दीपपुरा के ग्राम गोपालपुरा में स्व. अमरा राम बुगालिया व स्व. हनुमान बुल्डक के निधन पर शोक सभा में शामिल होकर स्वर्गीय आत्मा को श्रद्धांजलि दी, साथ परिजनों को सांत्वना दिलाई। वहीं ग्राम पंचायत पांचवा के शिवनगर में स्व. उदाराम कुमावत व स्व. कमला कुमावत तथा पांचवा के सेवदा की ढाणी में गंगाराम, दयालाराम सेवदा के माताजी के निधन होने पर शोक सभा में पहुंचकर पुण्यात्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी। विधायक ने शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान किया। इस दौरान स्थानीय विधायक ने आस पास के ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वार्ता की साथ अधिकारियों को जन समस्याओं का तत्काल निदान करने ने निर्देश दिए। विधायक के जन सम्पर्क के दौरान गिरधारी महला आईटी सेल व रामधन चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता साथ रहे।



# आज बेरोजगार सरकार के खिलाफ जयपुर में निकालेंगे महारैली

**जयपुर।**
राजस्थान में बेरोजगारों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधली के साथ लंबित भर्ती परीक्षाओं को लेकर प्रदेशभर के बेरोजगार आज यपुर में महारैली निकालेंगे। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के बैनर तले होने वाली महारैली शहीद स्मारक से शुरू होकर सिविल लाइंस फाटक तक जाएगी।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि लंबा वक्त बीत जाने के बाद भी सरकार अब तक प्रदेश के बेरोजगारों को नियुक्ति नहीं दे पाई है। वहीं भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने वाले लोगों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com